बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ, (बेली रोड) पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं०–22/2024 विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No.-2270/2024 (संदीप कुमार झा एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य) में दिनांक–29.05.2024 को पारित आदेश एवं शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या ज्ञापांक–51, दिनांक–25.01.2018 के तहत सेवा में लिए गए वैसे अतिथि शिक्षक जो बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2023 (अद्यतन यथा संशोधित) के द्वारा उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हत्ता धारित करते है उनको आयोग के विज्ञापन सं०–22/2024 में प्रत्येक वर्ष की सेवा अवधि के लिए 05 अंक अधिभार देते हुए अधिकत्तम 25 अंक अधिभार दिया जाना है। उक्त अधिभार अतिथि शिक्षक के नियुक्ति पत्र एवं संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर देय होगा। तदालोक में उक्त संकल्प संख्या एवं शिक्षा विभाग के पत्रांक–1472, दिनांक–31.05.2024 के आलोक में अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र में नियुक्त अतिथि शिक्षक जो विद्यालय अध्यापक के वर्ग 11 से 12 में नियुक्ति हेतु अर्हत्ता धारित करते है उनसे ऑनलाइन आवेदन लिया जाना है।

उक्त के आलोक में सूचित किया जाता है कि वैसे अतिथि शिक्षक जिनके द्वारा पूर्व में उक्त विज्ञापन हेतु प्रकाशित विज्ञापन के अन्तर्गत निर्धारित तिथि में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया गया है, वे दिनांक–04.06.2024 से दिनांक–10.06.2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं वैसे अतिथि शिक्षक जिनके द्वारा पूर्व में उक्त विज्ञापन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है वे उक्त वर्णित तिथि के अन्तर्गत अपने प्राप्त Username एवं Password से Login करने के पश्चात् Dashboard पर उपलब्ध बटन "Enter Experience Details(for guest teacher only)" पर click करते हुए अपना Experience Details Fill up करने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। उक्त प्रक्रिया नहीं करने की स्थिति में आयोग निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

विज्ञापन संख्या–22/2024 की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

3/6/2024

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।